दिनांक-02.01.2025 समय-7.10एएम

## प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी, भोपाल

## प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- धूमधाम से हुआ प्रदेश में नववर्ष का स्वागत, राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को दी बधाई।
- यूनियन कार्बाइड में जमा 337 टन जहरीला कचरा नष्ट करने की कवायद हुई तेज।
- भोपाल स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में तीन जनवरी से राष्ट्रीय कला उत्सव।
- इस सप्ताह प्रदेश में पड़ सकती है कड़ाके की सर्दी, मौसम विभाग ने जताया अनुमान।

अब समाचार विस्तार सेः-

नववर्ष-समारोह

देश दुनिया के साथ प्रदेश में भी लोगों ने धूमधाम के साथ वर्ष 2024 को विदाई दी और नव वर्ष 2025 का स्वागत किया। देर रात तक लोगों ने जष्न मनाया। पर्यटन स्थलों और तीर्थ नगरों में खासकर सैलानियों और श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे हैं। खंडवा जिले के ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट द्वारा नए साल के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ओंकारेश्वर पहुंच कर भगवान ओंकारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर के दर्शन कर रहे हैं। सतना जिले में महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू मुकुंदपुर में पर्यटकों की सुविधा के लिए समस्त प्रबंध किये गये है। साप्ताहिक अवकाश के बाद भी कल नये वर्ष में पर्यटकों की सुविधाओं के लिए जू भ्रमण खोला जायेगा। उधर, मैहर आने वाले मां शारदा देवी के  दर्शन लाभ के लिए देश के कोने कोने में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं. यहाँ सुरक्षा व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। पचमढ़ी, मांडू और प्रदेष के  अभयारण्यों में सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचे हैं।

नववर्ष बधाई

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने मंगलकामना की है कि नव वर्ष 2025 सभी के लिए सुख, शांति, सद्भाव, समृद्धि और सफलता लेकर आये। उन्होंने कहा है कि नव वर्ष का आगमन जीवन में नए संकल्प और लक्ष्यों के

साथ आगे बढ़ने का अवसर होता है। राज्यपाल श्री पटेल ने अपने सन्देश में कहा है कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के लिए नागरिक संकल्पित हों। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। आने वाला वर्ष-2025 निश्चित ही विकसित भारत के ध्येय को गति देगा, भारत की विकास यात्रा को नया आयाम मिलेगा और नया अध्याय गढ़ा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2024 प्रदेश में जनकल्याण की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। राज्य सरकार आने वाले वर्ष में भी जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरसक प्रयास करेगी।

यूनियन कार्बाइड

मध्य प्रदेश में केंद्र सरकार की निरीक्षण समिति के निर्देश और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड के शेष 337 मीट्रिक टन रासायनिक कचरे को नष्ट करने की कार्रवाई की जा रही है।

यूनियन कार्बाइड के कचरे की पैकिंग, लोडिंग और परिवहन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार विशेष कंटेनरों में किया जाएगा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पेश है

**वीसी-1.05, संजीव शर्मा**

यूनियन कार्बाइड के कचरे वाले कंटेनरों के साथ पुलिस सुरक्षा बल, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और त्वरित प्रतिक्रिया दल मौजूद रहेंगे। ये कंटेनर लीक प्रूफ और आग प्रतिरोधी हैं। इन कंटेनरों की आवाजाही पर जीपीएस से नजर रखी जाएगी।

गैस राहत एवं पुनर्वास निदेशक स्वतंत्र कुमार सिंह ने कहा है कि भोपाल से पीथमपुर तक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर कचरे का परिवहन जल्द ही किया जाएगा।

बाइट-स्वतंत्र कुमार सिंह

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यूनियन कार्बाइड के कचरे को नष्ट करने के ट्रायल के दौरान और उसके बाद उत्सर्जन मानक निर्धारित राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पाए गए और वहां के पानी या हवा में कोई हानिकारक तत्व नहीं पाए गए।

मध्य प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले रासायनिक और अन्य कचरे को नष्ट करने के लिए धार जिले के पीथमपुर में एकमात्र प्लांट है। यूनियन कार्बाइड का रासायनिक कचरा भी इसी प्लांट में नष्ट किया जाएगा।

संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

मिशन-शुरूआत

वर्ष-2025 में प्रदेश सरकार ने गरीब कल्याण मिशन, युवा शक्ति मिशन, किसान कल्याण मिशन और महिला सशक्तिकरण मिशन को पूरा करने के लिए अलग-अलग ब्ल्यू-प्रिंट तैयार किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इन सशक्तिकरण मिशनों का जनवरी माह से शुभारंभ करेंगे। युवा शक्ति मिशन युवा पीढ़ी को उभरती प्रौद्योगिकियों, उद्यमिता और खेल के क्षेत्र में कौशल प्रदान करेगा। इससे उन्हें बदलते हुए नौकरी बाजार के लिए तैयार किया जा सकेगा, साथ ही उनमें सक्षम नेतृत्व के गुण विकसित होंगे। महिला सशक्तिकरण मिशन उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता, शैक्षिक अवसर और उद्यमिता के अवसर और प्रोत्साहन देगा। वहीं किसान कल्याण मिशन प्रगतिशील उपायों को वित्तीय सहायता और तकनीकी परामर्श देकर प्रोत्साहित कर खेती को मुनाफे का सौदा बनाने पर फोकस्ड है। गरीब कल्याण मिशन में सरकार आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को वित्तीय सहायता, भूमि संबंधी अधिकार और सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर गरीबी के कुचक्र को तोड़ने में मदद करेगी।

कला उत्सव

भोपाल स्थित क्षेत्रीय षिक्षा संस्थान में तीन से छह जनवरी तक दसवें राष्ट्रीय कला उत्सव का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय षैक्षिक अनुसंधान और प्रषिक्षण परिषद के इस कार्यक्रम में देष के 26 राज्यों, आठ केन्द्र षासित प्रदेषों, केद्रीय विद्यालय संगठनों नवोदय विद्यालय समिति और एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों के माध्यमिक स्तर के लगभग साढ़े पांच सौ विद्यार्थियों के दल भाग लेंगे। कला उत्सव की विषय वस्तु - विकसित भारत वर्ष 2047 में भारत के लिए एक दृष्टिकोण है। इस दौरान गायन, वादन नृत्य नाट्य दृष्य कला पारंपरिक कहानी वाचन जैसी प्रमुख विधाओं पर कार्यक्रम होंगे।

प्रधानमंत्री-ग्रीन आर्मी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हमारा देश प्रतिभाओं का पावरहाउस है, जो नवाचार और साहस प्रदर्शित करने वाली असंख्य प्रेरक जीवन यात्राओं से भरपूर है। प्रधानमंत्री ने कल सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ग्रीन आर्मी का उल्लेख करते हुए उनके प्रेरणादायक अग्रणी कार्यों की सराहना की। वाराणसी के देवरा में ग्रीन आर्मी दृढ़ संकल्प वाली महिलाओं का संगठन है, जो नशाखोरी और जुए के खिलाफ जागरुकता बढ़ाता है। यह संगठन प्रत्येक बालिका के जन्म पर उत्सव मनाता है और दहेज प्रथा के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है।

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि नववर्ष के पहले हफ्ते में एक बार फिर ठंड कई रिकॉर्ड तोड़ सकती है। आज पहले दिन से ही ठिठुरन बढ़ गई है और कई जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। वहीं अगले सात दिनों तक रात के तापमान में लगातार गिरावट आने की संभावना है। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार उत्तर भारत में पहाड़ों पर जबरदस्त बर्फबारी हो रही है, जिसका सीधा असर प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

ऽ नीमच में अपर कलेक्टर लक्ष्मी गामड़ ने गूगल मीट के माध्यम से सोमवार को सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व महाअभियान की प्रगति की तहसीलवार समीक्षा की और सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व महाअभियान के तहत प्रकरणों के निराकरण कर रैंक में सुधार लाने के निर्देश दिए।

- मुरैना के जिला मुख्यालय पर कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देश पर अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद ने 102 आवेदनकर्ताओं को जनसुनवाई के दौरान सुना। जिनमें 04 आवेदन ऐसे पाये गये, जिन्हें टीएल मार्क कर पोर्टल पर दर्ज किया, उनका निराकरण साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर की उपस्थिति में किया जायेगा।
- डिंडोरी कलेक्टर हर्ष सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में हो रहे धान उपार्जन के संबंध में विस्तृत समीक्षा की।
- केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने टीकमगढ़ प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को

मिले, नल जल योजना को मिशन मोड में चलाएं और जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन समन्वय के साथ कार्य करें।

- आगरमालवा जिले के ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण की आवश्यकता है, उनके चिन्हांकन के लिए जिले के चारों विकासखण्डों आगरमालवा, बड़ौद, सुसनेर व नलखेड़ा में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत आगरमालवा में 07 जनवरी को, बड़ौद में 08 जनवरी, सुसनेर में 09 जनवरी एवं विकासखण्ड नलखेड़ा में 10 जनवरी को आयोजित होने वाले शिविरों में नगरीय निकाय एवं जनपद क्षेत्र के दिव्यांगजन शामिल होंगे।

-------------